Page Nos.: 24

Single Copy: Rs.5/-

# Tele-Crusader

Monthly Journal of BSNL Employees Union

Vol.No.XXX July 2026 No. 7

# SOLIDARITY

*not starvation*

BSNLEU

# Hands of Cuba

## WFTU solidarity campaign with the people of Cuba

## BSNLEU extends solidarity for signature campaign programme.

***BSNLEU expresses its solidarity with the working class and people of Cuba in their struggle against the U.S. economic blockade and external interference. The union supports the global campaign launched by the World Federation of Trade Unions (WFTU), Cuba is not alone! – Firmo por Cuba," demanding the lifting of the blockade, removal of Cuba from the U.S. State Sponsors of Terrorism list, and respect for Cuba's sovereignty. BSNLEU appeals to all its members, employees, pensioners, and democratic-minded citizens to participate in the signature campaign and strengthen international solidarity with the Cuban people.***

**भारत संचार निगम लिमिटेड स्वर**




The 8th Circle Conference of the BSNLEU, Andaman & Nicobar Circle, was held at Sun Sea Resort, Port Blair, on 24th May, 2026. Com. M. Vijayakumar, All India President, inaugurated the conference and addressed the gathering on the challenges faced by BSNL employees, including pending wage revision and issues arising from privatisation policies. During the delegate session, reports and audited accounts were presented and adopted unanimously. Resolutions on employees' demands were also passed. A new Circle Committee was elected with Com. M. Rajendran as President, Com. S.P. Kalairajan as Circle Secretary and Com. Abdul Aziz as Treasurer. In the Open Session, Shri V.S. Ilanthirai, ITS, CGM, A&N Telecom Circle, assured consideration of employees' demands and emphasised telecom development and staff welfare. Shri B. Chandrachoodan, General Secretary, CITU State Committee, and several BSNL officers and trade union leaders also addressed the conference. The conference concluded with a vote of thanks by newly elected Circle Secretary Com. S.P. Kalairajan. Members from various outstations participated in the event. The following office bearers were unanimously elected.

**President : Shri M. Rajendran, MD, Port Blair.**

Vice-presidents :
: (1) Shri M. Subramani, ATT, Port Blair.
: (2) Shri B. Ravichandran, MD, Port Blair.
: (3) Smt. S. Rajeshwari, ATT, Port Blair.
: (4) Shri Kishen Gupal, ATT, Port Blair.
: (5) Shri Ravi Kumar, ATT, Garacharma.

**Circle Secretary : Shri S.P. Kalairajan, Retd. JE.**

Asst. Circle Secretaries:
: (1) Shri Chittaranjan Biswas, TT, Port Blair.
: (2) Smt. R. Rajeshwari, TT, Port Blair.
: (3) Shri T. Abbas, JE, Neil Island.
: (4) Shri Jaipal Gidh, ATT, Port Blair.
: (5) Shri V. Ananthan, TT, Port Blair.

**Treasurer : Shri Abdul Aziz, TT, Wimberlygunj.**

Asstt. Treasurer : Smt. Chandrawathi, TT, Port Blair.

Organising Secretaries:
: (1) Shri Y. Gopal Rao, ATT, C/Bay.
: (2) Shri Srinivas, TT, Kamorta.
: (3) Shri Narayan M. Pawale, JE, Hut Bay.
: (4) Shri M. Devaraj, ATT, Rangat.
: (5) Smt. G. Krishnakumari, TT, Port Blair.
: (6) Shri Brij Bihari Choudhary, ATT, Diglipur.
: (7) Shri Munnuram, ATT, Wimberlygunj.

# Tele-Crusader



**Editorial Board:**

**Animesh Chandra Mitra**
*Editor*

**M. Vijayakumar**
**P. Abhimanyu**
**Ganesh N Hinge**

***E-mail:***
bsnleuchq@gmail.com

***website:***
www.bsnleu.in





*Editorial*

## AUAB meets DoT on 3rd PRC – A constructive initiative.

The recent meeting between the leaders of the All Unions and Associations of BSNL (AUAB) and the Joint Secretary (Administration), Department of Telecommunications (DOT), Shri K. Balaji, marks an encouraging development in addressing some of the long-pending concerns of BSNL employees and pensioners. The participation of senior DOT officials, including Director (PSU) Shri Raithi Madhav Rao, reflects the importance of being attached to these issues at the policy level.

At a time when BSNL is steadily strengthening its position in the telecom sector and playing a vital role in implementing key national initiatives, the concerns of its workforce deserve serious attention. The AUAB leadership rightly emphasized the urgent need for approval of the Third Pay Revision Committee (3rd PRC) benefits and the wage revision agreement signed between BSNL management and employee representatives. These are not merely financial issues; they are matters of fairness, recognition, and motivation for a workforce that has stood firmly behind the revival and growth of the company.

As a strategic telecom organization serving national interests, extending connectivity to rural and remote areas, and supporting critical government projects, BSNL occupies a unique position. Therefore, the demand to consider pay revision beyond the narrow framework of the "Affordability Clause" is both logical and justified.

The meeting also highlighted concerns relating to pension revision, an issue of great importance to thousands of retired employees who contributed significantly to building and strengthening the telecom infrastructure of the country.

Equally noteworthy was the broader discussion on BSNL's future growth, revenue enhancement, service expansion, employee welfare, and human resource development. The fact that the dialogue focused not only on employee demands but also on the long-term strengthening of the organization demonstrates the constructive and responsible approach adopted by the AUAB leadership.

The willingness of the DoT leadership to listen to the concerns raised by AUAB is itself a positive signal. BSNL's continued progress depends not only on investments and technology but also on the confidence, commitment, and morale of its employees and pensioners. Timely decisions on pay revision, pension-related matters, and other long-pending issues will further strengthen that confidence and contribute to the organization's growth.

The AUAB–DoT meeting represents a meaningful step towards resolving long-standing issues and creating a more positive environment for BSNL's future. Employees and pensioners can draw encouragement from this development and hope that the constructive discussions will soon translate into concrete and favorable decisions.

# Tele-Crusader

**Editorial Board:**

**Animesh Chandra Mitra**
*Editor*

**M. Vijayakumar**
**P. Abhimanyu**
**Ganesh N Hinge**

**E-mail:**
bsnleuchq@gmail.com

**website:**
www.bsnleu.in






## तीसरे पीआरसी पर एयूएबी की डॉट से मुलाकात – एक रचनात्मक पहल

ऑल यूनियन्स एंड एसोसिएशन्स ऑफ बीएसएनएल (एयूएबी) के नेताओं तथा दूरसंचार विभाग (डॉट) के संयुक्त सचिव (प्रशासन), श्री के. बालाजी के बीच हाल ही में हुई बैठक, बीएसएनएल कर्मचारियों एवं पेंशनरों की लंबे समय से लंबित अनेक समस्याओं के समाधान की दिशा में एक उत्साहवर्धक पहल है। इस बैठक में डॉट के वरिष्ठ अधिकारियों, जिनमें निदेशक (पीएसयू) श्री रायथी माधव राव भी शामिल थे, की भागीदारी इस बात का संकेत है कि इन मुद्दों को नीतिगत स्तर पर गंभीरता से देखा जा रहा है।

ऐसे समय में, जब बीएसएनएल दूरसंचार क्षेत्र में निरंतर अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है और महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पहलों के कार्यान्वयन में अहम भूमिका निभा रहा है, उसके कर्मचारियों की समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना अत्यंत आवश्यक है। एयूएबी नेतृत्व ने उचित रूप से ''तीसरे वेतन पुनरीक्षण समिति (तीसरे पीआरसी)'' के लाभों तथा बीएसएनएल प्रबंधन और कर्मचारी प्रतिनिधियों के बीच हुए वेतन पुनरीक्षण समझौते को शीघ्र स्वीकृति देने की आवश्यकता पर बल दिया। ये केवल वित्तीय मुद्दे नहीं हैं, बल्कि उस कार्यबल के प्रति न्याय, सम्मान और प्रेरणा के प्रश्न हैं जिसने कंपनी के पुनरुद्धार और विकास में दृढ़तापूर्वक साथ दिया है।

राष्ट्रीय हितों की सेवा करने वाले एक रणनीतिक दूरसंचार संगठन के रूप में, ग्रामीण एवं दूर–दराज क्षेत्रों तक संपर्क सुविधाएँ पहुँचाने तथा सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को समर्थन देने में बीएसएनएल की एक विशिष्ट भूमिका है। इसलिए, वेतन पुनरीक्षण के प्रश्न पर केवल ''वहन–क्षमता प्रावधान (अफोर्डेबिलिटी क्लॉज)'' की संकीर्ण सीमा से आगे बढ़कर विचार करने की माँग न केवल तार्किक है, बल्कि पूर्णतः न्यायोचित भी है।

बैठक में पेंशन पुनरीक्षण से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई, जो उन हजारों सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जिन्होंने देश के दूरसंचार अवसंरचना के निर्माण और उसे सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

इसी प्रकार, बीएसएनएल के भावी विकास, राजस्व वृद्धि, सेवाओं के विस्तार, कर्मचारी कल्याण तथा ''मानव संसाधन (एचआर)'' विकास जैसे व्यापक विषयों पर हुई चर्चा भी उल्लेखनीय रही। यह तथ्य कि संवाद केवल कर्मचारियों की माँगों तक सीमित न रहकर संगठन की दीर्घकालीन मजबूती पर भी केंद्रित रहा, एयूएबी नेतृत्व द्वारा अपनाए गए रचनात्मक एवं उत्तरदायी दृष्टिकोण को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

एयूएबी द्वारा उठाए गए मुद्दों को सुनने के प्रति डॉट नेतृत्व की सकारात्मक तत्परता स्वयं एक उत्साहजनक संकेत है। बीएसएनएल की निरंतर प्रगति केवल निवेश और प्रौद्योगिकी पर ही निर्भर नहीं करती, बल्कि उसके कर्मचारियों और पेंशनरों के विश्वास, प्रतिबद्धता तथा मनोबल पर भी समान रूप से आधारित है। वेतन पुनरीक्षण, पेंशन संबंधी मामलों तथा अन्य लंबे समय से लंबित मुद्दों पर समयबद्ध निर्णय इस विश्वास को और सुदृढ़ करेंगे तथा संगठन के विकास को नई गति प्रदान करेंगे।

एयूएबी–डॉट की यह बैठक लंबे समय से लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा में एक सार्थक कदम है तथा बीएसएनएल के भविष्य के लिए अधिक सकारात्मक वातावरण के निर्माण की आशा जगाती है। कर्मचारी और पेंशनर इस पहल से उत्साहित हो सकते हैं और यह अपेक्षा कर सकते हैं कि ये रचनात्मक चर्चाएँ शीघ्र ही ठोस एवं अनुकूल निर्णयों का रूप लेंगी।

# BSNLEU is the fighter and BTEU is the betrayer.

BTEU is spreading lies that, BSNLEU has not done anything for the employees. Hence, we are giving the following details for the information of the employees.

1) BTEU is affiliated to BMS. Both BJP and BMS are affiliated to RSS. BJP is ruling this country for the past 12 years. BTEU leaders are very close to the ruling BJP and they are frequently meeting the BJP ministers and taking photos. But, how many issues of the employees have been settled by the BTEU?

   **A big zero.**

2) In 2007, BSNLEU settled Wage Revision (2nd PRC) with 30% fitment. (BSNL was earning profit at that time). This was a landmark achievement. Thereafter, BSNLEU played the leading role in the settlement of 78.2% IDA merger, which gave a big financial benefit to the employees. BTEU has no role in these achievements. It is misleading the employees by saying that, the 2007 Wage Agreement was bad.

3) In India there are 272 Public Sector Companies(PSUs). Out of these, 63 are loss making PSUs, including BSNL. Government says no Wage Revision for the employees of loss making PSUs. Out of the 63 loss making PSUs, Wage Revision Agreement has been signed only in BSNL. This is a historic achievement of BSNLEU for the working employees in BSNL. But, BTEU spread lies that, BSNLEU has not done anything for the working employees.

4) Wage Revision Agreement of the Non-Executive employees was signed on 08-10-2025. BSNL Board of Directors has already recommended the Wage Revision to the DoT. BTEU is close to the ruling BJP. But it has not done anything for getting the government approval for the Wage Revision. Why?

5) More importantly, BMS is the Recognised Trade Union in MTNL for long years. But, BMS has not been able to sign the Wage Revision Agreement in MTNL. At the same time, BTEUèBMS is trying to fool the employees in BSNL, by saying that they will settle everything for the employees, if they get recognition.

6) In 2019, all the unions and associations went on a 3 day strike under the banner of the AUAB, demanding settlement of Wage Revision (3rd PRC). But, Com.R.C.Pandey, General Secretary of BTEU, betrayed the employees and withdrew from the strike even before it started. Employees must understand that, BSNLEU is the fighter and BTEU is the betrayer.

7) Earlier, Non-Executive employees were getting only 2 promotions, on completion of 16 years and 26 years, without any extra increment. BSNLEU implemented NEPP according to which employees are getting 4 promotions, with one extra increment in each promotion. Beyond this, many employees are getting 5th promotion in NE 12 pay scale. All these are the achievements of BSNLEU.

8) Now, BSNLEU has already demanded implementation of a New Promotion Policy for the Non- Executive employees. Pending this, BSNLEU has demanded that the Non- Executive employees should also get promotions on completion of every 5 years, at par with the Executives. Management has already formed a Committee for settling this demand. But, BTEU is spreading lies that, BSNLEU has not done anything regarding promotional policy.

9) IDA increase to BSNL employees w.e.f 01-01-2026 and 01-04-2026 were not paid. The DPE made a conspiracy to deny payment of IDA increase to BSNL employees. Even though BTEU is close to the Ruling Party, it remained as a silent spectator. But, BSNLEU, played a leading role under the banner of AUAB and organised many protest actions, created compulsion the DPE and the DoT and ensured payment of IDA.

10) BSNLEU has already demanded that, the higher pay scale implemented in the DoT for JE cadre should be implemented for JEs in BSNL also. BSNLEU has also demanded higher pay scales for the Sr.TOA and Telecom Technician cadres. But, BTEU is spreading lies on this issue.

11) BSNLEU is not affiliated to any Central Trade Union. It is being run by the democratically elected leadership. In accordance with the provision of the Labour Law, BSNLEU is utilising the knowledge and experience of the senior leaders, who are retired, for the welfare of the employees. What is wrong with this? In BSNLEU, the Central Office Bearers and Circle Secretaries belong to different political parties and ideologies. Thus, BSNLEU is following true democracy. But, BTEU is affiliated to the BMS and following their ideology.

12) The 4 Labour Codes, implemented by the BJP government, have converted the Indian working class into modern day slaves. BSNLEU has heroically fought against these 4 Labour Codes, together with the 10 Central Trade Unions. But, BTEU has cooperated with the government in implementing the 4 Labour Codes.

13) Above all, even today, BSNL is a 100% government company. This has been achieved only because of the leading role played by BSNLEU in organising many historic joint strikes and other campaigns, against disinvestment and privatisation. Do not forget that, the BTEU has not participated in any of those joint strikes. It has always been a betrayer.

***Continue to support BSNLEU.***
***For a bright future for the employees.***
***For the prosperity BSNL.***

# बीएसएनएलईयू संघर्ष करने वाला संगठन है, जबकि बीटीईयू विश्वासघात करने वाला संगठन है।

बीटीईयू यह झूठा प्रचार कर रहा है कि बीएसएनएलईयू ने कर्मचारियों के लिए कुछ भी नहीं किया है। इसलिए कर्मचारियों की जानकारी के लिए निम्नलिखित तथ्य प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

1) बीटीईयू, ''बीएमएस'' से संबद्ध है। भाजपा और बीएमएस दोनों ही ''आरएसएस'' से संबद्ध हैं। पिछले 12 वर्षों से भाजपा देश की सत्ता में है। बीटीईयू के नेता सत्तारूढ़ भाजपा के नेताओं और मंत्रियों से लगातार मिलते हैं तथा उनके साथ फोटो खिंचवाते हैं। लेकिन बताइए, बीटीईयू ने कर्मचारियों की कितनी समस्याओं का समाधान कराया है?,

**उत्तर है–एकदम नहीं।**

2) वर्ष 2007 में बीएसएनएलईयू ने 30 प्रतिशत फिटमेंट के साथ वेतन संशोधन (द्वितीय पीआरसी) का समझौता कराया। )उस समय बीएसएनएल लाभ में था।) यह एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। इसके बाद 78.2 प्रतिशत आईडीए विलय को लागू कराने में भी बीएसएनएलईयू ने अग्रणी भूमिका निभाई, जिससे कर्मचारियों को भारी आर्थिक लाभ मिला। इन उपलब्धियों में बीटीईयू की कोई भूमिका नहीं थी। इसके बावजूद वह कर्मचारियों को यह कहकर गुमराह कर रहा है कि वर्ष 2007 का वेतन समझौता खराब था।

3) भारत में कुल 272 सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) हैं। इनमें से 63 पीएसयू, जिनमें बीएसएनएल भी शामिल है, घाटे में चल रहे हैं। सरकार का कहना है कि घाटे वाले पीएसयू के कर्मचारियों को वेतन संशोधन नहीं मिलेगा। लेकिन इन 63 घाटे वाले पीएसयू में केवल ''बीएसएनएल'' में ही वेतन संशोधन समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। बीएसएनएल के कार्यरत कर्मचारियों के लिए यह बीएसएनएलईयू की एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके बावजूद बीटीईयू यह झूठ फैला रहा है कि बीएसएनएलईयू ने कार्यरत कर्मचारियों के लिए कुछ भी नहीं किया।

4) नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों का वेतन संशोधन समझौता ''08–10–2025'' को हस्ताक्षरित हुआ। बीएसएनएल निदेशक मंडल पहले ही वेतन संशोधन की सिफारिश डीओटी को भेज चुका है। बीटीईयू सत्तारूढ़ भाजपा के निकट होने का दावा करता है, लेकिन उसने वेतन संशोधन को सरकारी मंजूरी दिलाने के लिए कुछ भी नहीं किया। आखिर क्यों?

5) सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बीएमएस कई वर्षों से ''एमटीएनएल'' में मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन है। इसके बावजूद वह एमटीएनएल में आज तक वेतन संशोधन समझौता नहीं करा सकी। दूसरी ओर, बीटीईयू/बीएमएस बीएसएनएल के कर्मचारियों को यह कहकर मूर्ख बनाने की कोशिश कर रहा है कि यदि उसे मान्यता मिल गई तो वह कर्मचारियों की सभी समस्याएँ हल कर देगा।

6) वर्ष 2019 में वेतन संशोधन (तृतीय पीआरसी) की मांग को लेकर सभी यूनियनों और एसोसिएशनों ने ''एयूएबी'' के बैनर तले तीन दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया था। लेकिन बीटीईयू के महासचिव कॉम. आर.सी. पांडे ने कर्मचारियों के साथ विश्वासघात किया और हड़ताल शुरू होने से पहले ही उससे अलग हो गए। कर्मचारियों को यह समझना चाहिए कि ''बीएसएनएलईयू संघर्ष करने वाला संगठन है, जबकि बीटीईयू विश्वासघात करने वाला संगठन है।''

7) पहले नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को केवल दो पदोन्नतियाँ मिलती थीं – 16 वर्ष और 26 वर्ष की सेवा पूरी होने पर – वह भी बिना किसी अतिरिक्त वेतनवृद्धि के। बीएसएनएलईयू ने ''एनईपीपी'' लागू कराया, जिसके अंतर्गत कर्मचारियों को चार पदोन्नतियाँ तथा प्रत्येक पदोन्नति पर एक अतिरिक्त वेतनवृद्धि मिलती है। इतना ही नहीं, अनेक कर्मचारियों को ''एनई–12 वेतनमान'' में पाँचवीं पदोन्नति भी मिल रही है। ये सभी उपलब्धियाँ बीएसएनएलईयू की हैं।

8) अब बीएसएनएलईयू ने नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के लिए ''नई पदोन्नति नीति'' लागू करने की मांग उठाई है। इसके लागू होने तक बीएसएनएलईयू ने मांग की है कि नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को भी एग्जीक्यूटिवों की तरह प्रत्येक पाँच वर्ष की सेवा पूरी होने पर पदोन्नति दी जाए। प्रबंधन ने इस मांग के समाधान हेतु एक समिति भी गठित कर दी है। इसके बावजूद बीटीईयू यह झूठ फैला रहा है कि पदोन्नति नीति के संबंध में बीएसएनएलईयू ने कुछ नहीं किया।

9) ''01–01–2026'' तथा ''01–04–2026'' से देय आईडीए वृद्धि का भुगतान बीएसएनएल कर्मचारियों को नहीं किया गया। ''डीपीई'' ने बीएसएनएल कर्मचारियों को आईडीए वृद्धि से वंचित करने की साजिश रची। यद्यपि बीटीईयू सत्तारूढ़ दल के निकट होने का दावा करता है, फिर भी वह मूकदर्शक बना रहा। इसके विपरीत, बीएसएनएलईयू ने ''एयूएबी'' के बैनर तले अग्रणी भूमिका निभाते हुए अनेक विरोध कार्यक्रम आयोजित किए, डीपीई और डीओटी पर दबाव बनाया तथा अंततः आईडीए वृद्धि का भुगतान सुनिश्चित कराया।

10) बीएसएनएलईयू ने पहले ही मांग की है कि डीओटी में ''जेई'' संवर्ग के लिए लागू उच्च वेतनमान को बीएसएनएल के जेई कर्मचारियों पर भी लागू किया जाए। इसी प्रकार ''सीनियर टीओए'' तथा ''टेलीकॉम टेक्नीशियन'' संवर्गों के लिए भी उच्च वेतनमान की मांग की गई है। लेकिन इस मुद्दे पर भी बीटीईयू झूठा प्रचार कर रहा है।

11) बीएसएनएलईयू किसी भी केंद्रीय ट्रेड यूनियन से संबद्ध नहीं है। इसका संचालन लोकतांत्रिक ढंग से निर्वाचित नेतृत्व द्वारा किया जाता है। श्रम कानून के प्रावधानों के अनुसार, बीएसएनएलईयू कर्मचारियों के हित में अपने सेवानिवृत्त वरिष्ठ नेताओं के ज्ञान और अनुभव का उपयोग करता है। इसमें गलत क्या है? बीएसएनएलईयू के केंद्रीय पदाधिकारी और सर्किल सचिव विभिन्न राजनीतिक दलों और विचारधाराओं से आते हैं। इस प्रकार बीएसएनएलईयू वास्तविक लोकतंत्र का पालन करता है। जबकि बीटीईयू, बीएमएस से संबद्ध है और उसी की विचारधारा का अनुसरण करता है।

12) भाजपा सरकार द्वारा लागू किए गए ''चार श्रम संहिताओं (4 लेबर कोड्स)'' ने भारतीय मजदूर वर्ग को आधुनिक युग का गुलाम बना दिया है। बीएसएनएलईयू ने 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के साथ मिलकर इन चारों श्रम संहिताओं का वीरतापूर्वक विरोध किया। जबकि बीटीईयू ने इन श्रम संहिताओं को लागू कराने में सरकार का सहयोग किया।

13) सबसे बढ़कर, आज भी बीएसएनएल ''100 प्रतिशत सरकारी कंपनी'' है। यह केवल इसलिए संभव हो सका क्योंकि विनिवेश और निजीकरण के विरुद्ध आयोजित अनेक ऐतिहासिक संयुक्त हड़तालों तथा आंदोलनों में बीएसएनएलईयू ने अग्रणी भूमिका निभाई। यह मत भूलिए कि बीटीईयू ने उन संयुक्त हड़तालों में से किसी में भी भाग नहीं लिया। उसने हमेशा विश्वासघात ही किया है।

**''बीएसएनएलईयू का समर्थन जारी रखें।''**

**''कर्मचारियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए।''**

**''बीएसएनएल की समृद्धि के लिए।''**

## BSNLEU leaders discussed important issues with the Director (HR) on 01.06.2026.

Com.Animesh Mitra, General Secretary and Com.P.Abhimanyu, Vice President, met Dr. Kalyan Sagar Nippani, Director (HR), yesterday the 01.06.2026, and discussed certain important staff issues. The details are as follows:-

**(1) Acute delay in the settlement of HR issues.**

The leaders expressed their anguish over the inordinate delay in the settlement of HR issues of the Non-Executives. They pointed out that, many issues are being continuously discussed with the Director (HR), but none of the issues is getting settled. The Director (HR) assured that, a review of the settlement of the HR issues taken up by BSNLEU, will be done shortly with the senior officers in the Corporate Office.

**(2) Revision of Allowances.**

On this issue, the leaders stated the following:-

The Management has already constituted a Committee for the Revision of the Allowances of the employees. It is already one year since the Committee is constituted. However, the Recognised Unions have not been provided with an opportunity to place their views before the Committee members. It is demanded that immediately the Recognised Unions should be given the opportunity to place their views before the Committee. The Director (HR) assured to do the needful.

**(3) Removal of discrimination between the NEPP of the Non-Executives and the EPP of the Executives.**

As per the decision of the National Council, the Management has constituted a Committee to look into the demand of removing discriminations between the NEPP and the EPP. It is already one year since the Committee is constituted. The leaders demanded that, the Recognised Unions should be given opportunity to place their views before the Committee. The Director (HR) assured to do the needful.

**(4) Non-payment of 3 instalments of DA to the casual labourers and TSMs.**

The leaders pointed out that 3 instalments of Das have become due from 01.01.2025, 01.07.2025 and 01.01.2026 and that there is inordinate delay in the payment of these DA instalments to the casual labourers and TSMs. They demanded that the DA instalments should be immediately paid. The Director (HR) stated that needful action would be taken.

**(5) Rule-9 transfer of JEs.**

Seven JEs have been given temporary transfer under Rule-9 from Punjab, HP, Haryana and NE-I circles to UP (East) circle. Now, these JEs are being pressurised to go back to their parent circles. The leaders pointed out that, all the 4 circles of Punjab, HP, Haryana and NE-I are surplus circles and UP (East) is also a surplus circle. Hence, they demanded that these 7 JEs working in UP (East) circle should not be relieved. The Director (HR) assured to look into the issue.

**(6) Special arrangement for conducting LICE**

The leaders highlighted the issue of conducting the LICE in circles where insufficient vacancies are adversely affecting the career progression of employees. Particular attention was drawn to the case of Punjab Circle, which requires special intervention by the Director (HR), as assured during the last Formal Meeting. The Director (HR) assured that the matter would be examined and appropriate action would be taken.

# 01.06.2026 को बीएसएनएलईयू नेताओं ने निदेशक (एचआर) के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की

कॉम. अनिमेश मित्रा, महासचिव एवं कॉम. पी. अभिमन्यु, उपाध्यक्ष ने दिनांक ''01.06.2026'' को निदेशक (एचआर), डॉ. कल्याण सागर निप्पाणी से मुलाकात की तथा कर्मचारियों से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की। चर्चा का विवरण निम्नानुसार है:–

**(1) एचआर से जुड़े मामलों के निपटान में अत्यधिक विलंब**

नेताओं ने नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के एचआर संबंधी मामलों के निपटान में हो रही अत्यधिक देरी पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि अनेक मुद्दों पर निदेशक (एचआर) के साथ लगातार चर्चा की जा रही है, लेकिन उनमें से किसी का भी समाधान नहीं हो रहा है। निदेशक (एचआर) ने आश्वासन दिया कि बीएसएनएलईयू द्वारा उठाए गए एचआर संबंधी मामलों के निपटान की शीघ्र ही कॉरपोरेट कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा की जाएगी।

**(2) भत्तों का संशोधन**

**इस विषय पर नेताओं ने निम्नलिखित बातें रखीं:–**

प्रबंधन ने कर्मचारियों के भत्तों के संशोधन के लिए पहले ही एक समिति का गठन कर दिया है। समिति के गठन को एक वर्ष बीत चुका है। इसके बावजूद मान्यता प्राप्त यूनियनों को समिति के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया है। नेताओं ने मांग की कि मान्यता प्राप्त यूनियनों को तत्काल समिति के समक्ष अपने विचार रखने का अवसर दिया जाए। निदेशक (एचआर) ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

**(3) नॉन–एग्जीक्यूटिव के एनईपीपी तथा एग्जीक्यूटिव के ईपीपी के बीच भेदभाव समाप्त करना**

राष्ट्रीय परिषद के निर्णय के अनुसार, प्रबंधन ने एनईपीपी एवं ईपीपी के बीच मौजूद भेदभाव को समाप्त करने की मांग पर विचार करने हेतु एक समिति गठित की है। समिति के गठन को भी एक वर्ष बीत चुका है। नेताओं ने मांग की कि मान्यता प्राप्त यूनियनों को समिति के समक्ष अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। निदेशक (एचआर) ने आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया।

**(4) कैजुअल मजदूरों एवं टीएसएम को डीए की 3 किश्तों का भुगतान न होना**

नेताओं ने बताया कि ''01.01.2025'', ''01.07.2025'' तथा ''01.01.2026'' से डीए की तीन किश्तें देय हो चुकी हैं, लेकिन कैजुअल मजदूरों एवं टीएसएम को इन किश्तों का भुगतान करने में अत्यधिक विलंब हो रहा है। उन्होंने मांग की कि इन डीए किश्तों का तत्काल भुगतान किया जाए। निदेशक (एचआर) ने कहा कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**(5) जेई की नियम–9 के अंतर्गत स्थानांतरण**

पंजाब, एचपी, हरियाणा तथा एनई–1 सर्किलों से सात जेई को नियम–9 के अंतर्गत अस्थायी रूप से यूपी (पूर्व) सर्किल में स्थानांतरित किया गया है। अब इन जेई पर अपने मूल सर्किलों में वापस जाने का दबाव बनाया जा रहा है। नेताओं ने बताया कि पंजाब, एचपी, हरियाणा एवं एनई–1 – ये चारों सर्किल अधिषेश सर्किल हैं तथा यूपी (पूर्व) भी एक अधिषेश सर्किल है। इसलिए उन्होंने मांग की कि यूपी (पूर्व) सर्किल में कार्यरत इन सातों जेई को वापस न भेजा जाए। निदेशक (एचआर) ने इस मामले पर विचार करने का आश्वासन दिया।

**(6) एलआईसीई आयोजित करने के लिए विशेश व्यवस्था**

नेताओं ने उन सर्किलों में एलआईसीई आयोजित किए जाने का मुद्दा उठाया, जहाँ रिक्तियों की अपर्याप्त संख्या के कारण कर्मचारियों की पदोन्नति एवं कैरियर प्रगति प्रतिकूल रूप से प्रभावित हो रही है। विशेश रूप से पंजाब सर्किल का मामला उठाया गया, जिसके लिए पिछली औपचारिक बैठक में दिए गए आश्वासन के अनुसार निदेशक (एचआर) के विशेश हस्तक्षेप की आवश्यकता बताई गई। निदेशक (एचआर) ने आश्वासन दिया कि इस विषय की जांच की जाएगी तथा उपयुक्त कार्रवाई की जाएगी।

## Items for discussion in the forthcoming National Council meeting.

### Review of old items

The following issues were discussed in the National Council meeting held on 13.01.2025 and in the Formal meeting held with both Recognised Unions on 18.02.2026. The minutes of both meetings were also issued, and the Management Side assured that necessary action would be taken on the demands raised by the unions. However, it is unfortunate that more than one and a half years have passed and these issues remain unresolved. Therefore, a review is necessary to ensure their settlement without any further delay. The issues are as follows:-

(1) Removal of discriminations between the EPP and the NEPP – non-implementation of the decision taken in the 40th meeting of the National Council held on 13.01.2025.

(2) Inclusion of union representatives in the Committee for Revision of Allowances.

(3) Sanctioning of Festival Advance to the employees.

(4) Revision of the wages of the casual labourers on 7th CPC pay scale.

(5) Inordinate delay in sanctioning special incentives and concessions to the employees posted in Kashmir Valley.

(6) Non-Implementation of the DoT order on payment of retirement benefits, pending verification of caste certificate.

(7) Declaring results of the JTO LICEs conducted in Punjab circle, for the vacancy years 2015-16, 2016-17 & 2017-18.

(8) Denial of career progression to the outstanding sports personnel.

(9) Issuance of PO letters to officials recruited by BSNL but recommended by the High Power Committee held in DoT period.

(10) Extension of time period for the candidates who had already transfer on deputation under Rule-9. Action should be taken to grant the applications also under Rule-8.

(11) Supply of liveries to the employees.

### New items to be discussed.

(1) **Implementation of Wage Agreement of the Non-Executives:** The agreement reached between Management and the Recognised Unions on 08.10.2025 and BSNL Board had recommended it to the DoT on 12th February, 2026 to get the approval of the Government.

(2) **Discrimination in the reimbursement of the cost of mobile handset - requesting for extension of the facility to all the Non-Executive cadres:** Though the Management Committee had accepted the demand of Unions but ultimately BSNL Board had not considered. As BSNL has improved the financial parameter in this year so BSNL Board should review the decision.

(3) **Reconsideration of the decision to suspend Sports Activities in BSNL:** The Staff Side had submitted a representation on 02.03.2026 requesting the Management to reconsider its decision to suspend all sports activities in BSNL. The representation highlighted issues such as withdrawal of practice time and special leave, restrictions on participation in national events, stagnation in career progression, and the negative impact on sportspersons. However, no action has been taken so far. Therefore, the issue may be reviewed and settled without further delay.

(4) **Neglecting of the circles with hilly and far flung terrains in the matter of sanctioning of staff:** The Management has announced the staff justification after reviewing the cadre restructuring in the year 2020. Staff Side wants to review the staff strength particularly for those circles who are in geographically based on the hilly area specially Himachal Pradesh, Uttarakhand, Sikkim and Jammu & Kashmir.

(5) **SAB contribution to the Direct Recruitee in BSNL up to 30%:** Staff Side has already urged upon the CMD BSNL, to

implement the 2nd PRC recommendation on Superannuation Benefits (SAB) for BSNL-recruited employees. While the 2nd PRC recommended SAB contribution at 30% of Basic Pay + DA, BSNL is currently contributing only 25.1%, leaving a shortfall of 4.9%. BSNLEU has demanded immediate action to remove the shortfall and protect the retirement benefits of BSNL-recruited employees, including Non-Executives.

(6) **Special arrangement needed to conduct LICE in circles facing shortage of vacancies:** Following discussions in the Formal Meeting with Director (HR), the Corporate Office has initiated LICEs in various cadres. Recently, the JTO LICE for JEs was conducted, and examinations for JE and TT cadres are expected shortly. However, in some circles, LICEs could not be held due to a shortage of vacancies. The staff side urges the Management to make special arrangements so that eligible candidates in these circles are also provided an opportunity to appear in the LICE.

(7) **10th Membership Verification to be held through secret ballot without delay:** Both Recognised Unions have already requested the Management to conduct the 10th Membership Verification through secret ballot, as done in previous verifications. Since the tenure of the present recognition has been extended only up to 16.07.2026. The Staff Side urges the Corporate Office to issue the notification immediately so that necessary arrangements can be made by the circle administrations without further delay.

(8) **Denial of formal meetings by CGMs of Tamil Nadu and Chennai Circles:** It has been brought to the notice of the CHQ of both Recognised Unions that the administrations of Tamil Nadu and Chennai Circles are reluctant to hold formal meetings with the unions. The issue has already been discussed with Director (HR) and PGM (SR). The Staff Side requests the Corporate Office to issue suitable instructions to the concerned administrations to ensure that regular formal meetings are held between CGMs and the Recognised Unions in both circles.

(9) **Violation of Non-Executive Transfer Policy in certain circles:** It is unfortunate that some circle administrations are issuing large-scale transfer orders in violation of the existing Non-Executive Transfer Policy, causing hardship to employees and unnecessary expenditure to BSNL. For instance, in Gujarat Circle, a large number of JEs have been transferred to far-off locations away from their hometowns. Such issues should be resolved through discussions between the Recognised Unions and the circle management.

## Affordability Clause and talks on 3rd PRC.

In a significant development in the ongoing struggle for the 3rd PRC and wage revision for BSNL employees, a significant delegation of the All Unions and Associations of BSNL (AUAB) met Shri K. Balaji, Joint Secretary (Admn.), DoT, on 09.06.2026. The meeting was also attended by Shri Raiti Madhav Rao, Director (PSU), DoT. The AUAB delegation comprised Com.Chandeshwar Singh, Chairman, AUAB and General Secretary, NFTE BSNL; Com. Animesh Mitra, Convenor, AUAB and General Secretary, BSNLEU; Com.M.S. Adasul, General Secretary, SNEA and Com.N.D. Ram, Former General Secretary and Chief Patron, SEWA BSNL.

At the outset, the AUAB leaders submitted a comprehensive memorandum demanding immediate approval for the 3rd PRCèWage Negotiation for the BSNL workforce. During the detailed discussions, the delegation presented the justification for pay and wage revision without the application of the affordability clause, emphasising BSNL's strategic role as a Government of India PSU and its vital contribution in implementing national projects and serving the country's telecom needs. The AUAB delegation strongly raised the following key issues:

- Immediate approval of Wage Negotiations for BSNL employees.
- Approval and implementation of the 3rd PRC.
- Resolution of long-pending Pension Revision issues.

The discussions were held in a positive and constructive atmosphere. The DoT officials patiently heard the concerns raised by the AUAB leaders and took note of the issues presented.

# आगामी राष्ट्रीय परिशद (नेशनल काउंसिल) की बैठक में चर्चा हेतु विषय

## पुराने विषयों की समीक्षा

निम्नलिखित मुद्दों पर 13.01.2025 को आयोजित राष्ट्रीय परिषद् की बैठक तथा 18.02.2026 को दोनों मान्यता प्राप्त यूनियनों के साथ आयोजित औपचारिक बैठक में चर्चा हुई थी। दोनों बैठकों के कार्यवृत्त भी जारी किए गए थे तथा प्रबंधन पक्ष ने यूनियनों द्वारा उठाई गई मांगों पर आवश्यक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। किन्तु यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि डेढ़ वर्ष से अधिक समय बीत जाने के बावजूद ये मुद्दे अब भी लंबित हैं। अतः बिना किसी और विलम्ब के इनके समाधान को सुनिश्चित करने के लिए इनकी समीक्षा आवश्यक है। मुद्दे निम्नलिखित हैंः–

(1) ''ईपीपी'' तथा ''एनईपीपी'' के बीच भेदभाव समाप्त करना – 13.01.2025 को आयोजित राष्ट्रीय परिषद् की 40वीं बैठक में लिए गए निर्णय का अब तक क्रियान्वयन नहीं किया गया।

(2) भत्तों के पुनरीक्षण के लिए गठित समिति में यूनियन प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।

(3) कर्मचारियों को ''फेस्टिवल एडवांस'' स्वीकृत किया जाए।

(4) आकस्मिक श्रमिकों के वेतन का संशोधन ''7वें सीपीसी'' के वेतनमान के अनुसार किया जाए।

(5) ''कश्मीर घाटी'' में कार्यरत कर्मचारियों को विशेश प्रोत्साहन एवं रियायतें स्वीकृत करने में हो रही अत्यधिक देरी समाप्त की जाए।

(6) जाति प्रमाण–पत्र के सत्यापन के लंबित रहने के बावजूद सेवानिवृत्ति लाभों के भुगतान संबंधी ''डीओटी'' के आदेश को लागू किया जाए।

(7) ''पंजाब सर्किल'' में रिक्ति वर्ष 2015–16, 2016–17 एवं 2017–18 के लिए आयोजित ''जेटीओ एलआईसीई'' के परिणाम घोषित किए जाएँ।

(8) उत्कृट खेल प्रतिभाओं को कैरियर प्रगति से वंचित किए जाने की समस्या का समाधान किया जाए।

(9) ''बीएसएनएल'' द्वारा भर्ती किए गए, किन्तु ''डीओटी'' काल में गठित ''हाई पावर कमेटी'' द्वारा अनुशंसित अधिकारियों को ''पीओ पत्र'' जारी किए जाएँ।

(10) नियम–9 के अंतर्गत प्रतिनियुक्ति (डेप्युटेशन) पर स्थानांतरित हो चुके अभ्यर्थियों के लिए समय–सीमा बढ़ाई जाए। साथ ही नियम–8 के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों पर भी कार्रवाई की जाए।

(11) कर्मचारियों को वर्दी उपलब्ध कराई जाए।

## चर्चा हेतु नए विषय

### (1) नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के वेतन समझौते का क्रियान्वयनः

08.10.2025 को प्रबंधन एवं मान्यता प्राप्त यूनियनों के बीच हुए वेतन समझौते की अनुशंसा ''बीएसएनएल बोर्ड'' ने 12.02.2026 को सरकार की स्वीकृति हेतु ''डीओटी'' को भेज दी थी। अब इस समझौते को शीघ्र लागू किया जाए।

### (2) मोबाइल हैंडसेट की लागत की प्रतिपूर्ति में भेदभाव समाप्त करते हुए यह सुविधा सभी नॉन–एग्जीक्यूटिव संवर्गों को प्रदान की जाएः

यद्यपि प्रबंधन समिति ने यूनियनों की मांग स्वीकार कर ली थी, किन्तु अंततः ''बीएसएनएल बोर्ड'' ने इसे स्वीकृति नहीं दी। चूँकि इस वर्ष ''बीएसएनएल'' की वित्तीय स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, अतः बोर्ड को अपने निर्णय पर पुनर्विचार करना चाहिए।

### (3) बीएसएनएल में खेल गतिविधियों को स्थगित करने के निर्णय पर पुनर्विचारः

स्टाफ पक्ष ने 02.03.2026 को प्रबंधन को एक ज्ञापन देकर खेल गतिविधियों पर लगाए गए प्रतिबंध को वापस लेने का अनुरोध किया था। ज्ञापन में अभ्यास समय एवं विशेश अवकाश की समाप्ति, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भागीदारी पर प्रतिबंध, कैरियर प्रगति में ठहराव तथा खिलाड़ियों पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव जैसे मुद्दे उठाए गए थे। किन्तु अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अतः इस विषय की शीघ्र समीक्षा कर समाधान किया जाए।

### (4) पर्वतीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों वाले सर्किलों में स्टाफ स्वीकृति की उपेक्षाः

प्रबंधन ने वर्ष 2020 में कैडर पुनर्गठन की समीक्षा के बाद स्टाफ जस्टिफिकेशन घोषित किया था। स्टाफ पक्ष का आग्रह है कि विशेश रूप से ''हिमाचल प्रदेश'', ''उत्तराखंड'', ''सिक्किम'' तथा ''जम्मू–कश्मीर'' जैसे भौगोलिक रूप से पर्वतीय क्षेत्रों वाले सर्किलों के स्टाफ की संख्या की पुनः समीक्षा की जाए।

### (5) बीएसएनएल के प्रत्यक्ष भर्ती कर्मचारियों के लिए एसएबी अंशदान 30 प्रतिशत किया जाएः

स्टाफ पक्ष पहले ही ''सीएमडी, बीएसएनएल'' से अनुरोध कर चुका है कि ''द्वितीय पीआरसी'' की अनुशंसा के अनुसार ''सुपरएन्नुएशन बेनिफिट (एसएबी)'' लागू किया जाए। जबकि ''द्वितीय पीआरसी'' ने मूल वेतन, महँगाई भत्ते का 30 प्रतिशत ''एसएबी'' अंशदान अनुशंसित किया था, ''बीएसएनएल'' वर्तमान में केवल 25.1 प्रतिशत का अंशदान कर रहा है,

जिससे 4.9 प्रतिशत की कमी बनी हुई है। ''बीएसएनएलईयू'' ने इस कमी को तत्काल दूर कर ''बीएसएनएल'' के प्रत्यक्ष भर्ती कर्मचारियों, विशेशकर नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों, के सेवानिवृत्ति लाभों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

**(6) जिन सर्किलों में रिक्तियों की कमी है वहाँ एलआईसीई आयोजित करने हेतु विशेश व्यवस्था की जाए:**

''एचआर निदेशक'' के साथ औपचारिक बैठक में हुई चर्चा के बाद कॉरपोरेट कार्यालय ने विभिन्न संवर्गो के लिए ''एलआईसीई'' आयोजित करने की प्रक्रिया प्रारम्भ की है। हाल ही में ''जेई'' के लिए ''जेटीओ एलआईसीई'' आयोजित हुई है तथा ''जेई'' एवं ''टीटी'' संवर्गो की परीक्षाएँ भी शीघ्र होने की संभावना है। किन्तु कुछ सर्किलों में रिक्तियों की कमी के कारण ''एलआईसीई'' आयोजित नहीं हो सकी। स्टाफ पक्ष का आग्रह है कि ऐसे सर्किलों के पात्र कर्मचारियों को भी ''एलआईसीई'' में सम्मिलित होने का अवसर देने हेतु विशेश व्यवस्था की जाए।

**(7) 10वां सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया गुप्त मतदान द्वारा बिना विलम्ब आयोजित की जाए:**

दोनों मान्यता प्राप्त यूनियनें पहले ही प्रबंधन से अनुरोध कर चुकी हैं कि पूर्व की भाँति 10वीं सदस्यता सत्यापन प्रक्रिया गुप्त मतदान द्वारा कराई जाए। वर्तमान मान्यता की अवधि केवल 16.07.2026 तक बढ़ाई गई है। अतः स्टाफ पक्ष का आग्रह है कि कॉरपोरेट कार्यालय तत्काल अधिसूचना जारी करे ताकि सर्किल प्रशासन समय रहते आवश्यक तैयारियाँ कर सके।

**(8) तमिलनाडु एवं चेन्नई सर्किलों के सीजीएम द्वारा औपचारिक बैठकें न करना:**

दोनों मान्यता प्राप्त यूनियनों के केंद्रीय मुख्यालय के संज्ञान में यह बात आई है कि ''तमिलनाडु'' तथा ''चेन्नई'' सर्किलों के प्रशासन यूनियनों के साथ नियमित औपचारिक बैठकें आयोजित करने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इस विषय पर ''एचआर निदेशक'' तथा ''पीजीएम (एसआर)'' के साथ पहले ही चर्चा हो चुकी है। स्टाफ पक्ष का अनुरोध है कि कॉरपोरेट कार्यालय संबंधित प्रशासन को आवश्यक निर्देश जारी करे ताकि दोनों सर्किलों में ''सीजीएम'' तथा मान्यता प्राप्त यूनियनों के बीच नियमित औपचारिक बैठकें सुनिश्चित की जा सकें।

**(9) कुछ सर्किलों में नॉन–एग्जीक्यूटिव स्थानांतरण नीति का उल्लंघन:**

यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ सर्किल प्रशासन प्रचलित नॉन–एग्जीक्यूटिव स्थानांतरण नीति का उल्लंघन करते हुए बड़े पैमाने पर स्थानांतरण आदेश जारी कर रहे हैं, जिससे कर्मचारियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा ''बीएसएनएल'' पर अनावश्यक वित्तीय बोझ भी पड़ रहा है। उदाहरणस्वरूप, ''गुजरात सर्किल'' में बड़ी संख्या में ''जेई'' को उनके गृह नगरों से दूरस्थ स्थानों पर स्थानांतरित कर दिया गया है। ऐसे मामलों का समाधान मान्यता प्राप्त यूनियनों तथा सर्किल प्रबंधन के बीच आपसी चर्चा के माध्यम से किया जाना चाहिए।

## वहनीयता क्लॉज और तृतीय पीआरसी पर वार्ता

बीएसएनएल कर्मचारियों के लिए तृतीय पीआरसी एवं वेतन संशोधन के जारी संघर्ष में एक महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। 09.06.2026 को बीएसएनएल के सभी यूनियनों एवं एसोसिएशनों के मंच (''एयूएबी'') के एक प्रतिनिधिमंडल ने दूरसंचार विभाग (''डीओटी'') के संयुक्त सचिव (प्रशासन), श्री के. बालाजी से मुलाकात की। इस बैठक में ''डीओटी'' के निदेशक (पीएसयू), श्री रैती माधव राव भी उपस्थित थे।

''एयूएबी'' के प्रतिनिधिमंडल में कॉम. चंदेश्वर सिंह, अध्यक्ष, ''एयूएबी'' एवं महासचिव, ''एनएफटीई बीएसएनएल''(कॉम. अनिमेश मित्रा, संयोजक, ''एयूएबी'' एवं महासचिव, ''बीएसएनएलईयू''( कॉम. एम.एस. अदसुल, महासचिव, ''एसएनईए'' तथा कॉम. एन.डी. राम, पूर्व महासचिव एवं मुख्य संरक्षक, ''सेवा बीएसएनएल'' शामिल थे।

बैठक के प्रारम्भ में ''एयूएबी'' नेताओं ने बीएसएनएल कर्मचारियों के लिए तृतीय पीआरसी/वेतन वार्ता को तत्काल स्वीकृति प्रदान करने की मांग करते हुए एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। विस्तृत चर्चा के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने यह स्पष्ट किया कि वहनीयता क्लॉज लागू किए बिना वेतन एवं मजदूरी संशोधन किया जाना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बीएसएनएल भारत सरकार का एक रणनीतिक सार्वजनिक उपक्रम (पीएसयू) है, जो राष्ट्रीय परियोजनाओं के क्रियान्वयन तथा देश की दूरसंचार आवश्यकताओं की पूर्ति में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। ''एयूएबी'' प्रतिनिधिमंडल ने निम्नलिखित प्रमुख मुद्दों को जोरदार ढंग से उठायाः

★ **बीएसएनएल कर्मचारियों के लिए वेतन वार्ता को तत्काल स्वीकृति।**

★ **तृतीय पीआरसी को स्वीकृति प्रदान कर उसका शीघ्र क्रियान्वयन।**

★ **लंबे समय से लंबित पेंशन संशोधन संबंधी मामलों का समाधान।**

पूरी चर्चा सकारात्मक एवं रचनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुई। ''डीओटी'' के अधिकारियों ने ''एयूएबी'' नेताओं द्वारा उठाए गए सभी मुद्दों को गंभीरता एवं धैर्यपूर्वक सुना तथा उन्हें संज्ञान में लिया।



# News at a Glance.

***New Committee constituted for Revision of Perks and Allowances.***

The Corporate Office has dissolved the earlier committees on perks and allowances revision and constituted a new committee to expedite the process. This follows the efforts of BSNLEU, which raised the issue with the CMD BSNL on 21.05.2026 and Director (HR) on 01.06.2026, besides submitting letters seeking early action. The new committee, constituted vide letter dated 02.06.2026, has been asked to submit its recommendations at the earliest. It will examine key pending issues, including medical facilities, TAèDA revision, Superannuation Benefits and IDA-related matters. BSNLEU hopes that the committee will submit its recommendations quickly, paving the way for early revision of perks and allowances.

***BBNL amalgamated (merged) with BSNL.***

As per the decision of the Government of India, Bharat Broadband Network Limited (BBNL) has been amalgamated with BSNL. BBNL issued an order on 03.06.2026 stating that the Union Cabinet approved the merger and the Ministry of Corporate Affairs accorded its approval on 18.05.2026. Consequent to the amalgamation, all assets and liabilities of BBNL stand transferred to BSNL. While discussions on the merger had been ongoing for a long time, it has now become a reality. The impact of this amalgamation on BSNL's revival and on its workforce needs careful assessment. BSNLEU will closely examine the developments and take necessary steps to safeguard the interests of BSNL and its employees.

***AUAB meeting discusses future course of action on 3rd PRC.***

A meeting of the AUAB was held on 05.06.2026 at the NFTE BSNL Office, New Delhi, to discuss the future course of action on the 3rd PRC issue. The meeting was presided over by Com. Chandeshwar Singh, Chairman, while Com. Animesh Mitra, Convenor, briefed the participants on the present status of the issue and the proposed future strategy. After detailed discussions, it was decided to intensify efforts with the DoT authorities at Sanchar Bhawan before launching any agitational programme during the Monsoon Session of Parliament. AUAB leaders will meet the concerned authorities to ascertain the latest status of the 3rd PRC and press for relaxation of the Affordability Clause. The meeting also decided to submit a letter to the CMD, BSNL, regarding arbitrary transfers in some circles in violation of the existing transfer policy. The leaders expressed satisfaction over AUAB's efforts, which contributed significantly to the settlement of the IDA arrears issue.

***Corporate Office issues fresh instructions on Wages and Social Security Benefits for Contract Workers.***

Following continuous efforts by BSNLEU and intervention by the Central Labour Commissioner (CLC), New Delhi, the BSNL Corporate Office has issued fresh instructions to all CGMs to ensure timely payment of wages and extension of social security benefits to contract and outsourced workers. Accordingly, the AGM, WS&I Cell, Corporate Office, vide letter dated 01.06.2026, has directed strict compliance with Government guidelines on wage payment and contractor accountability. BSNLEU urges all Circle Secretaries to effectively utilise these instructions to take up the long-pending issues of casual, contract and outsourced workers with the concerned authorities and ensure full compliance for safeguarding their welfare and interests.

***Next CEC Meeting at Vijayawada on 5th & 6th July 2026.***

As decided in the Central Secretariat meeting held on 17.05.2026, the next CEC meeting of BSNLEU will be held at Vijayawada, Andhra

Pradesh Circle, on 5th and 6th July 2026. CHQ conveys its appreciation to the Andhra Pradesh and Telangana Circle Unions for jointly hosting the meeting and sharing the financial responsibility. All CEC members are requested to ensure their participation. The formal notification has already been issued.

***Membership Change Window open from 16.06.2026 to 15.07.2026.***

The Corporate Office has issued the annual notification for change of union membership subscription in BSNL. Accordingly, the membership option window for Non-Executives in the ERP ESS Portal will remain open from 16.06.2026 to 15.07.2026. All Circle and District Secretaries are requested to maintain close contact with members during this period, ensure maximum membership retention and report the actual membership strength as on 16.07.2026 to CHQ without delay.

***BSNLEU raises delay in relief to Rule-9 officials.***

BSNLEU has expressed concern over the continued delay in considering the cases of Rule-9 officials who have completed two years at their home stations. Despite assurances from Director (HR) during discussions, no instructions have reportedly been issued to the concerned circle administration. BSNLEU has urged the Management to intervene immediately and provide relief to the affected officials. In this connections, CHQ has already written a letter to Director (HR), BSNL, on 01.06.2026.

***SAB contribution should be 30% of Basic Pay + DA.***

BSNLEU has once again urged the CMD, BSNL, to implement the 2nd PRC recommendation of 30% SAB contribution for BSNL-recruited employees. At present, BSNL contributes only 25.1%, resulting in a 4.9% shortfall that adversely affects the retirement benefits of employees. The union has demanded immediate action to settle this long-pending issue.

***BSNLEU condemns double standards of BSNL Management.***

BSNLEU welcomes the decision to recruit fresh engineers in the JTO and SET cadres after a long gap. However, the union strongly condemns the Management's double standards in recruiting outsiders while virtually halting Compassionate Ground Appointments (CGA) and refusing to relax restructuring norms for conducting departmental competitive examinations (LICEs). This has deprived employees in many circles of promotional opportunities. BSNLEU demands immediate reopening of CGA, relaxation of restructuring norms for LICEs, conduct of internal examinations in all circles, and equal opportunities for employees and eligible dependents within BSNL.

## Enthusiastic CWC meeting held at Patna.

The Bihar Circle Union successfully organised its Circle Working Committee (CWC) meeting at Patna on 11th June 2026 under the presidentship of Com. Prasant Kumar Prasant, Circle President. Com. Ram Kumar Rai, Circle Secretary, presented the three-month activity report. Addressing the meeting, Com. Animesh Mitra, General Secretary, briefed the delegates on the latest developments regarding the 3rd PRC, AUAB's meeting with the Joint Secretary (Administration), DoT, the 10th Membership Verification, Promotion Policy, 30% SAB, and other important issues.

Seventeen District Secretaries participated in the discussions, reviewing organisational preparedness and Membership Verification preparations. Concluding the meeting, Com. Animesh Mitra called upon the Bihar Circle leadership and activists to ensure a better performance in the forthcoming Membership Verification.

## BSNLEU Uttarakhand Circle Conference held successfully.

The Uttarakhand Circle Conference of BSNLEU was successfully held at Dehradun Telephone Exchange on 31.05.2026 with enthusiastic participation of members, particularly young workers. Addressing the conference, Com. Animesh Mitra, GS, explained the latest position of wage revision and other important organisational issues. Senior leaders Com. K.S. Soun, Com. P.B. Dhobal and Com. P.C. Kandpal also addressed the delegates. The conference adopted the Secretariat Report and Audited Accounts presented by Com. Devendra Singh Bisht, CS. Delegates discussed promotion policy, revision of perks and allowances, improvement of 4G services and preparations for the 10th Membership Verification. The conference unanimously elected Com. K.S. Soun as Circle President and Com. Devendra Singh Bisht as Circle Secretary. BSNLEU CHQ congratulates the Uttarakhand Circle Union on the successful conduct of the conference and the election of a young and dynamic leadership team.



# खबरें एक नजर में

## भत्तों एवं सुविधाओं के संशोधन हेतु नई समिति का गठन

कॉरपोरेट कार्यालय ने भत्तों एवं सुविधाओं के संशोधन के लिए पूर्व में गठित समितियों को भंग कर प्रक्रिया में तेजी लाने हेतु एक नई समिति का गठन किया है। यह निर्णय ''बीएसएनएलईयू'' के निरंतर प्रयासों का परिणाम है। यूनियन ने 21.05.2026 को ''सीएमडी बीएसएनएल'' तथा 01.06.2026 को निदेशक (''एचआर'') के समक्ष यह मुद्दा उठाया था। इसके अतिरिक्त शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए पत्र भी सौंपे गए थे। 02.06.2026 के पत्र के माध्यम से गठित नई समिति को यथाशीघ्र अपनी अनुशंसाएँ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समिति निम्नलिखित महत्वपूर्ण लंबित मामलों की समीक्षा करेगीः चिकित्सा सुविधाएँ, टीए/डीए में संशोधन,' सेवानिवृत्ति उपरांत लाभ और आईडीए से संबंधित लंबित मामले। ''बीएसएनएलईयू'' को आशा है कि समिति शीघ्र अपनी अनुशंसाएँ प्रस्तुत करेगी, जिससे भत्तों एवं सुविधाओं का संशोधन जल्द लागू हो सकेगा।

## बीबीएनएल का बीएसएनएल में विलय

भारत सरकार के निर्णय के अनुसार ''भारत ब्रॉडबैंड नेटवर्क लिमिटेड (बीबीएनएल)'' का ''बीएसएनएल'' में विलय कर दिया गया है। ''बीबीएनएल'' ने 03.06.2026 को जारी आदेश में बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस विलय को स्वीकृति प्रदान कर दी है तथा ''कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय'' ने 18.05.2026 को अपनी अंतिम मंजूरी दे दी है। विलय के परिणामस्वरूप ''बीबीएनएल'' की सभी परिसंपत्तियाँ एवं देनदारियाँ अब ''बीएसएनएल'' को हस्तांतरित हो गई हैं। यद्यपि इस विलय को लेकर लंबे समय से चर्चा चल रही थी, अब यह वास्तविकता बन चुकी है। इस विलय का बीएसएनएल के पुनरुद्धार (Revival) तथा उसके कर्मचारियों की आवश्यकताओं पर क्या प्रभाव पड़ेगा, इसका गंभीरता से मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है। ''बीएसएनएलईयू'' इस पूरे घटनाक्रम पर निकट दृष्टि बनाए रखेगा तथा ''बीएसएनएल'' और उसके कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाएगा।

## तीसरे पीआरसी पर भविष्य की रणनीति पर एयूएबी की बैठक।

तीसरे पीआरसी के मुद्दे पर भविष्य की रणनीति तय करने के लिए 05.06.2026 को नई दिल्ली स्थित एनएफटीई बीएसएनएल कार्यालय में ''एयूएबी'' की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कॉ. चंदेश्वर सिंह, अध्यक्ष ने की, जबकि कॉ. अनिमेश मित्रा, संयोजक ने प्रतिभागियों को इस मुद्दे की वर्तमान स्थिति तथा प्रस्तावित भविष्य की रणनीति से अवगत कराया। विस्तृत चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया कि संसद के मानसून सत्र के दौरान किसी भी आंदोलनात्मक कार्यक्रम की घोषणा करने से पहले संचार भवन में ''डीओटी'' के अधिकारियों के साथ प्रयासों को और तेज किया जाएगा। ''एयूएबी'' के नेता संबंधित अधिकारियों से मिलकर 3तक पीआरसी की नवीनतम स्थिति की जानकारी प्राप्त करेंगे तथा वहनीयता क्लॉज में छूट देने की मांग को जोरदार ढंग से उठाएँगे। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि कुछ सर्किलों में प्रचलित स्थानांतरण नीति का उल्लंघन करते हुए किए जा रहे मनमाने स्थानांतरणों के संबंध में ''सीएमडी, बीएसएनएल'' को एक पत्र भेजा जाएगा। नेताओं ने ''एयूएबी'' के प्रयासों पर संतोश व्यक्त किया, जिनके कारण आईडीए एरियर के मुद्दे के समाधान में महत्वपूर्ण योगदान मिला।

## कॉर्पोरेट कार्यालय ने ठेका कर्मचारियों के वेतन एवं सामाजिक सुरक्षा लाभों पर नए निर्देश जारी किए।

''बीएसएनएलईयू'' के निरंतर प्रयासों तथा नई दिल्ली के ''सीएलसी (केंद्रीय श्रम आयुक्त)'' के हस्तक्षेप के फलस्वरूप ''बीएसएनएल'' कॉर्पोरेट कार्यालय ने सभी ''सीजीएम'' को नए निर्देश जारी किए हैं, ताकि ठेका एवं आउटसोर्स कर्मचारियों को समय पर वेतन का भुगतान तथा सामाजिक सुरक्षा लाभ सुनिश्चित किए जा सकें। इसके अनुसार, कॉर्पोरेट कार्यालय के ''एजीएम, डब्ल्यूएस एंड आई सेल'' ने 01.06.2026 के पत्र के माध्यम से वेतन भुगतान तथा ठेकेदारों की जवाबदेही संबंधी सरकारी दिशानिर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ''बीएसएनएलईयू'' सभी सर्किल सचिवों से आग्रह करता है कि वे इन निर्देशों का प्रभावी उपयोग करते हुए आकस्मिक, ठेका एवं आउटसोर्स कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाएँ तथा उनके कल्याण एवं हितों की रक्षा हेतु इन निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करें।

## अगली सीईसी बैठक 5 एवं 6 जुलाई 2026 को विजयवाड़ा में।

17.05.2026 को आयोजित केंद्रीय सचिवालय की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, ''बीएसएनएलईयू'' की अगली ''सीईसी'' बैठक 5 एवं 6 जुलाई 2026 को आंध्र प्रदेश सर्किल के विजयवाड़ा में आयोजित होगी। ''सीएचक्यू'' इस बैठक की संयुक्त मेजबानी करने तथा वित्तीय दायित्व साझा करने के लिए आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना सर्किल यूनियनों की सराहना करता है। सभी ''सीईसी'' सदस्यों से अनुरोध है कि वे अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।

बैठक की औपचारिक अधिसूचना पहले ही जारी की जा चुकी है।

## 16.06.2026 से 15.07.2026 तक सदस्यता परिवर्तन की अवधि खुली।

कॉर्पोरेट कार्यालय ने ''बीएसएनएल'' में यूनियन सदस्यता परिवर्तन हेतु वार्षिक अधिसूचना जारी कर दी है। इसके अनुसार, नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के लिए ''ईआरपी ईएसएस पोर्टल'' पर सदस्यता विकल्प 16.06.2026 से 15.07.2026 तक उपलब्ध रहेगा। सभी सर्किल एवं जिला सचिवों से अनुरोध है कि वे इस अवधि में सदस्यों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखें, अधिकतम सदस्यता बरकरार रखें तथा 16.07.2026 की वास्तविक सदस्य संख्या की सूचना बिना विलंब ''सीएचक्यू'' को भेजें।

## बीएसएनएलईयू ने रूल–9 अधिकारियों को रिलीव करने में हो रही देरी का मुद्दा उठाया।

''बीएसएनएलईयू'' ने उन रूल–9 अधिकारियों के मामलों पर विचार करने में लगातार हो रही देरी पर चिंता व्यक्त की है, जिन्होंने अपने गृह स्टेशन पर दो वर्ष की अवधि पूरी कर ली है। ''डायरेक्टर (एचआर)'' के साथ हुई चर्चा में आश्वासन दिए जाने के बावजूद संबंधित सर्किल प्रशासन को अभी तक कोई निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। ''बीएसएनएलईयू'' ने प्रबंधन से तत्काल हस्तक्षेप कर प्रभावित अधिकारियों को शीघ्र रिलीव करने की मांग की है। इस संबंध में ''सीएचक्यू'' ने 01.06.2026 को ''डायरेक्टर (एचआर), बीएसएनएल'' को पहले ही पत्र भेज दिया है।

## एसएबी अंशदान मूल वेतन + डीए का 30 प्रतिशत होना चाहिए।

''बीएसएनएलईयू'' ने एक बार फिर ''सीएमडी, बीएसएनएल'' से आग्रह किया है कि ''बीएसएनएल'' में भर्ती कर्मचारियों के लिए दूसरे पीआरसी की अनुशंसा के अनुसार ''एसएबी'' में मूल वेतन + डीए का 30 प्रतिशत अंशदान लागू किया जाए। वर्तमान में ''बीएसएनएल'' केवल 25.1 प्रतिशत अंशदान कर रहा है, जिसके कारण 4.9 प्रतिशत की कमी बनी हुई है और कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति लाभ प्रभावित हो रहे हैं। यूनियन ने इस लंबे समय से लंबित मुद्दे का तत्काल समाधान करने की मांग की है।

## बीएसएनएलईयू ने बीएसएनएल प्रबंधन के दोहरे मापदंडों की निंदा की।

''बीएसएनएलईयू'' लंबे अंतराल के बाद ''जेटीओ'' एवं ''एसईटी'' संवर्गों में नए अभियंताओं की भर्ती के निर्णय का स्वागत करता है। किंतु यूनियन इस बात की कड़ी निंदा करती है कि एक ओर बाहरी उम्मीदवारों की भर्ती की जा रही है, जबकि दूसरी ओर अनुकंपा आधारित नियुक्तियां (सीजीए) लगभग बंद कर दी गई हैं तथा विभागीय प्रतियोगी परीक्षाओं (''एलआईसीई'') के आयोजन हेतु पुनर्गठन संबंधी मानकों में छूट देने से इंकार किया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप अनेक सर्किलों में कर्मचारियों के पदोन्नति के अवसर समाप्त हो गए हैं। ''बीएसएनएलईयू'' ने मांग की है कि ''सीजीए'' को तत्काल पुनः प्रारंभ किया जाए, ''एलआईसीई'' के लिए पुनर्गठन मानकों में छूट दी जाए, सभी सर्किलों में आंतरिक परीक्षाएँ आयोजित की जाएँ तथा ''बीएसएनएल'' के कर्मचारियों एवं पात्र आश्रितों को समान अवसर प्रदान किए जाएँ।

## पटना में उत्साहपूर्ण सीडब्ल्यूसी बैठक सम्पन्न।

बिहार सर्किल यूनियन ने 11 जून 2026 को पटना में कॉ. प्रशांत कुमार प्रशांत, सर्किल अध्यक्ष की अध्यक्षता में सफलतापूर्वक अपनी सर्किल वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक आयोजित की। कॉ. राम कुमार राय, सर्किल सचिव ने पिछले तीन माह की गतिविधियों की रिपोर्ट प्रस्तुत की।

बैठक को संबोधित करते हुए कॉ. अनिमेश मित्रा, महासचिव ने प्रतिनिधियों को तृतीय पीआरसी, एयूएबी की डॉट के संयुक्त सचिव (प्रशासन) के साथ हुई बैठक, 10वें सदस्यता सत्यापन, 30 प्रतिशत एसएबी, पदोन्नति नीति तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर नवीनतम घटनाक्रमों से अवगत कराया।

चर्चा में 17 जिला सचिवों ने भाग लिया तथा संगठनात्मक तैयारियों एवं सदस्यता सत्यापन की तैयारियों की समीक्षा की। बैठक का समापन करते हुए कॉ. अनिमेश मित्रा ने बिहार सर्किल के नेतृत्व एवं कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे आगामी सदस्यता सत्यापन में पहले से बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित करें।

## बीएसएनएलईयू उत्तराखण्ड सर्किल सम्मेलन सफलतापूर्वक सम्पन्न।

बीएसएनएलईयू का उत्तराखण्ड सर्किल सम्मेलन 31.05.2026 को देहरादून टेलीफोन एक्सचेंज में सदस्यों, विशेशकर युवा कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी के साथ सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए कॉ. अनिमेश मित्रा, जीएस ने वेतन संशोधन की वर्तमान स्थिति तथा अन्य महत्वपूर्ण संगठनात्मक मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। वरिष्ठ नेता कॉ. के.एस. सौन, कॉ. पी.बी. धौबल तथा कॉ. पी.सी. कंडपाल ने भी प्रतिनिधियों को संबोधित किया। सम्मेलन ने कॉ. देवेन्द्र सिंह बिष्ट, सीएस द्वारा प्रस्तुत सचिवालय रिपोर्ट एवं लेखापरीक्षित आय–व्यय विवरण को अनुमोदित किया। प्रतिनिधियों ने पदोन्नति नीति, भत्तों एवं सुविधाओं के संशोधन, 4जी सेवाओं में सुधार तथा 10वीं सदस्यता सत्यापन की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की। सम्मेलन ने सर्वसम्मति से कॉ. के.एस. सौन को सर्किल अध्यक्ष तथा कॉ. देवेन्द्र सिंह बिष्ट को सर्किल सचिव निर्वाचित किया। बीएसएनएलईयू सीएचक्यू सम्मेलन के सफल आयोजन तथा युवा एवं गतिशील नेतृत्व टीम के निर्वाचन पर उत्तराखण्ड सर्किल यूनियन को हार्दिक बधाई देता है।

# Letter to BSNL / DOT

## Formation of Committee to review NEPP – BSNLEU leaders discuss anomalies between EPP and NEPP with PGM (SR).

**[BSNLEU/506 (NEPP) dated 01.06.2026 to Dr. Kalyan Sagar Nippani, Director (HR), BSNL]**

We wish to bring the following to your kind notice for favour of necessary action.

BSNLEU is continuously raising the demand for the implementation of a New Promotion Policy for the Non- Executive employees. The issue was discussed in the meetings of the National Council also.

Consequent to this, a decision was taken in the 48th meeting of the National Council, held on 13-01-2025, for the constitution of a committee, to look into the removal of the discrimination between the NEPP of the Non-Executive employees and the EPP of the Executive employees.

In accordance with the decision, the BSNL Management has formed a committee vide letter no. BSNLCO-A/14(12)/4/2022- ESTAB dated 09-07-2025. It is almost a year since this Committee was constituted.

Discrimination between the Non- Executive and Executive employees in the matter of Time Bound Upgradation of Pay Scales, is a burning issue. As such, the Management needs to attach due importance for the early removal of this discrimination. However, BSNLEU, being the Main Recognised Trade Union of the Non- Executive employees in BSNL, has not so far been called by the Committee, to place it's views on the subject. In view of the foregoing, we earnestly request you to kindly ensure that, BSNLEU is called by the Committee at the earliest, to place its views on the subject.

## Committee meeting held on Revision of Allowances for Executives and Non-Executives – BSNLEU demands consultation with Recognised Unions.

**[BSNLEU/421 (ALLOW) dated 01.06.2026 to Dr. Kalyan Sagar Nippani, Director (HR), BSNL]**

The BSNL Management, vide letter number BSNLCO-A/11(11)/4/2025-ESTAB/3 dated 25-04-2025, has constituted the Committee for the review of the allowances being drawn by the Executive and Non- Executive employees. We are happy that the Management has formed the Committee for the Revision of Allowances of the Non- Executive employees. It can be seen that, it is already more than a year since the Committee has been constituted.

We wish to bring to your kind notice that, Revision of Allowances of the Non-Executives is a part and parcel of their Wage Revision. As such, it is incumbent on the part of the Management to hold discussion with the Recognised Trade Unions of the Non-Executives on the issue of Revision of Allowances. It is pertinent to mention here that the following is mentioned in the Wage Revision Agreement of the Non-Executives, signed on 08.10.2025:-

***….."The revision of perks and allowances as per 3rd PRC may be left to the BSNL Board to decide at an appropriate time with effect from the date of signing of this wage agreement."***

Hence, the Management needs to hold discussion with the Recognised Trade Unions before taking any final decision on the issue of Revision of Allowances of the Non-Executive employees. However, so far, BSNLEU, which is the Main Recognised Trade Union of the Non- Executive employees in BSNL, has not been given an opportunity by the Committee, to place it's views on the issue of Revision of Allowances.

In view of the foregoing, we urge upon you sir, to kindly ensure that BSNLEU is given the opportunity at the earliest, to place it's views before the Committee for the Revision of Allowances of the Executives and Non- Executives.

## Superannuation Benefits (SAB) for the BSNL recruited employees should be 30% of Basic Pay + DA – BSNLEU writes to CMD BSNL.

**[BSNLEU/414 (GRT) dated 01.06.2026 to Shri A. Robert J. Ravi, CMD BSNL]**

We submit this memorandum with a sincere appeal for your personal intervention in resolving the

long-pending issue of Superannuation Benefits (SAB) for BSNL-recruited employees. This issue is of immense importance as it concerns the post-retirement security and dignity of thousands of employees who have dedicated the best years of their lives to the growth and development of BSNL.

As you are aware, the 2nd Pay Revision Committee recommended a contribution of 30% of Basic Pay towards Superannuation Benefits (the component of these benefits like EPF-12%, Gratuity-4.8%, Pension Fund-12%, PRMB-1.2%). However, the present contribution remains at 25.1% (EPF-12%, Gratuity-4.8%, Pension Fund-5%, PRMP-3.3%), resulting in a shortfall of 4.9%. Though the matter has been discussed in various forums, including meetings of the National Council, a satisfactory resolution is still awaited.

The impact of this shortfall is being felt by all categories of BSNL-recruited employees, both Non-Executives and Executives. For employees who have served the Organisation with commitment and dedication, retirement benefits are not merely a financial entitlement but a source of security and peace of mind in their later years. Unfortunately, due to the existing gap in SAB contribution, many retired employees are receiving inadequate pension benefits, causing genuine hardship and disappointment.

We are equally concerned about the non-implementation of the Post-Retirement Medical Benefit (PRMB) component. In an era of rising healthcare costs, the absence of a robust medical security mechanism leaves retired employees vulnerable at a stage of life when medical support is most needed.

Sir, BSNL employees have consistently stood by the Organisation during difficult times. They accepted challenging circumstances, contributed to the revival efforts of the Company, and continue to work with dedication despite numerous constraints. It is therefore our earnest belief that the legitimate concerns relating to their retirement security deserve sympathetic and positive consideration.

We respectfully request the Management to implement the 2nd PRC recommendation of 30% contribution towards Superannuation Benefits in full, bridge the existing shortfall and ensure full SAB implementation with effect from 01.01.2007, implement the Post-Retirement Medical Benefit (PRMB) component without further delay and take up the issue on priority and evolve a time-bound roadmap for ensuring complete compliance with the 2nd PRC recommendations relating to retirement benefits.

We firmly believe that addressing this issue will not only provide relief and confidence to existing employees and pensioners but will also strengthen trust between the Management and the workforce. Such a step would be widely appreciated by the entire BSNL fraternity and would stand as a significant welfare measure for those who have contributed immensely to the organisation.

We, therefore, earnestly appeal to your good self to extend a sympathetic hearing to this genuine and long-pending issue and initiate necessary action at the earliest.

---

## Urgent intervention for conducting LICE JTO (T), in circles having nil or single-digit vacancies.

**[BSNLEU/511 (Rectt.) dated 01.06.2026 to Shri A. Robert J. Ravi, CMD BSNL]**

We would like to draw your kind attention to the fact of serious concern affecting a large number of eligible Non-Executive employees in several BSNL circles where the vacancy position in the JTO (Telecom) cadre remains either nil or confined to single digits.

While we appreciate the efforts of the Management in conducting the LICE for promotion to the cadre of JTO (Telecom), it is unfortunate that the examination could not be conducted in a number of circles due to the absence of vacancies. As a result, eligible and qualified employees in these circles have once again been deprived of an opportunity for career advancement.

BSNLEU has repeatedly requested the Management to relax certain provisions of the Restructuring Policy and evolve a practical solution so that adequate promotional vacancies can be made available. We have pointed out that many technically qualified employees in these circles have been waiting for more than five for an opportunity to appear in the LICE. The continued denial of promotional avenues has created widespread frustration and disappointment among

the affected employees.

During our recent formal meeting with the Director (HR) on 18.02.2026, we had specifically suggested the creation of 10% supernumerary posts against the sanctioned strength in circles where vacancies are either nil or extremely low. Such a measure would enable the conduct of LICE and provide deserving employees with a fair opportunity to compete for promotion without disturbing the existing cadre structure.

However, despite the notification issued by the Corporate Office for conducting the online LICE JTO (Telecom) examination for Vacancy Year 2024, employees of these circles continue to remain excluded due to the non-availability of vacancies. Consequently, hundreds of eligible employees have been denied promotional opportunities for several years.

Sir, the affected employees are not seeking any relaxation in eligibility conditions or examination standards. They only seek a fair opportunity to compete in the prescribed examination process, irrespective of vacancy constraints arising from restructuring and post-VRS manpower imbalances.

We therefore request your kind intervention to create supernumerary posts, preferably up to 10% of the sanctioned strength, in circles with nil or single-digit vacancies, so as to facilitate the conduct of the LICE for JTO (T), in all these circles. This will ensure that eligible employees are not deprived of their promotional opportunities due to circumstances beyond their control.

We sincerely hope that the Management will consider this genuine demand sympathetically and take a positive decision in the interest of fairness, employee morale and organisational justice.

---

## Non-Executive employees of 10 circles are chronically deprived of the opportunity to appear in the TT LICE and the JE LICE.

**[BSNLEU/511 (Rectt.) dated 01.06.2026 to Shri A. Robert J. Ravi, CMD BSNL]**

We wish to bring the following burning issue to your kind notice for favour of your kind intervention.

The BSNL Management has taken steps for the recruitment of engineers in the cadres of JTO and Senior Executive Trainee (SET). Though the notified vacancies are limited, the move is positive step in the direction of strengthening BSNL. BSNLEU welcomes the steps taken by the Management in this connection. At the same time, we wish to bring the following burning issue to your kind notice for favour of necessary action.

The promotional examinations for the Non-Executive employees are being held periodically, though with limited vacancies. A good section of the Non-Executive employees appear in the TT LICE and the JE LICE. However, it is extremely disturbing to note that the Non-Executive employees belonging to 10 circles are being chronically deprived of the opportunity to appear in these promotional examinations.

The JE LICE and the TT LICE are not held for many years in the circles of Assam, Punjab, West Bengal, UP (East), UP (West), Haryana, Himachal Pradesh, Bihar, NE-1 and NE-2. Non-availability of vacancies is being cited as the reason. All the vacancies that existed in these circles have been wiped out consequent to the stringent norms laid down in the name of Restructuring of Manpower in BSNL.

Even in the notification of the BSNL Corporate Office issued on 26-08-2025, for holding the JE LICE, it can be seen that, there are no vacancies in the above mentioned circles. As a result, the young employees aspiring to appear in the promotional examinations in the above mentioned the circles, have become a frustrated lot. This problem is going to linger on for some more years and vacancies are not expected to arise.

Under these circumstances, we request the Management to take some ‘out-of-the-box’ measures to solve this problem. One such measure can be as follows. In all the circles, there are several thousands of unfilled posts in the cadres of ATT, TT and JE. 50% of these posts fall under the category of ‘ Direct Recruitment Quota’. We suggest that these 50% DR Quota posts maybe utilised for the creation of vacancies in the above mentioned circles, for the purpose of conducting TT LICE and JE LICE. By adopting this method, sufficient number of posts can be created for holding TT LICE and JE LICE in the aforementioned 10 circles, without violating the norms laid down in the Restructuring Scheme. We request you to kindly consider this proposal.

# बीएसएनएल/डीओटी को पत्र

## एनईपीपी की समीक्षा हेतु समिति का गठन बीएसएनएलईयू नेताओं ने पीजीएम (एसआर) के साथ ईपीपी एवं एनईपीपी की विसंगतियों पर चर्चा की।

**(बीएसएनएलईयू/506 (एनईपीपी) दिनांक 01.06.2026, डॉ. कल्याण सागर निप्पानी, निदेशक (एचआर), बीएसएनएल को प्रेशित)**

हम आपका ध्यान निम्नलिखित विषय की ओर आवश्यक कार्रवाई हेतु आकर्षित करना चाहते हैं।

बीएसएनएलईयू लगातार नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के लिए नई पदोन्नति नीति लागू करने की मांग उठाता रहा है। इस विषय पर राष्ट्रीय परिषद की बैठकों में भी चर्चा हो चुकी है।

इसके परिणामस्वरूप 13.01.2025 को आयोजित राष्ट्रीय परिषद की 48वीं बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की एनईपीपी तथा एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की ईपीपी के बीच मौजूद भेदभाव को समाप्त करने हेतु एक समिति गठित की जाए।

इस निर्णय के अनुरूप बीएसएनएल प्रबंधन ने पत्र संख्या ''बीएसएनएलसीओ– I/14(12)/4/2022–एस्टेब'' दिनांक ''09.07.2025'' के माध्यम से समिति का गठन किया। समिति के गठन को लगभग एक वर्ष बीत चुका है।

समयबद्ध वेतनमान उन्नयन के मामले में नॉन–एग्जीक्यूटिव एवं एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के बीच भेदभाव एक अत्यन्त गंभीर एवं ज्वलन्त मुद्दा है। इसलिए इस भेदभाव को शीघ्र समाप्त करने के लिए प्रबंधन को आवश्यक प्राथमिकता देनी चाहिए।

किन्तु बीएसएनएल में नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की मुख्य मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन होने के बावजूद, बीएसएनएलईयू को अब तक समिति के समक्ष अपना पक्ष रखने के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है।

अतः उपर्युक्त तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आपसे आग्रह है कि बीएसएनएलईयू को इस विषय पर अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु समिति के समक्ष यथाशीघ्र आमंत्रित कराने की कृपा करें।

एग्जीक्यूटिव एवं नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के भत्तों के संशोधन पर समिति की बैठक – बीएसएनएलईयू ने मान्यता प्राप्त यूनियनों से परामर्श की मांग की।

---

## (बीएसएनएलईयू/421 (अलॉव) दिनांक 01.06.2026, डॉ. कल्याण सागर निप्पानी, निदेशक (एचआर), बीएसएनएल को प्रेशित)

**बीएसएनएल प्रबंधन ने पत्र सं. ''बीएसएनएलसीओ–ए/11(11)/4/2025–एस्टैब/3'' दिनांक ''25.04.2025'' के माध्यम से** एग्जीक्यूटिव एवं नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को देय भत्तों की समीक्षा हेतु एक समिति का गठन किया है। नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के भत्तों के संशोधन के लिए समिति का गठन किए जाने पर हमें प्रसन्नता है। किन्तु यह भी तथ्य है कि समिति के गठन को एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है।

हम आपका ध्यान इस तथ्य की ओर आकर्षित करना चाहते हैं कि नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के भत्तों का संशोधन उनके वेतन संशोधन का अभिन्न अंग है। अतः भत्तों के संशोधन के विषय पर नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों के साथ चर्चा करना प्रबंधन का दायित्व है। यह उल्लेखनीय है कि 08.10.2025 को हस्ताक्षरित नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के वेतन संशोधन समझौते में निम्नलिखित प्रावधान किया गया है:–

''...तृतीय पीआरसी के अनुसार सुविधाओं एवं भत्तों के संशोधन का निर्णय, इस वेतन समझौते पर हस्ताक्षर की तिथि से प्रभावी करते हुए, उपयुक्त समय पर बीएसएनएल बोर्ड द्वारा लिया जाएगा।''

अतः नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के भत्तों के संशोधन के विषय में कोई अंतिम निर्णय लेने से पूर्व प्रबंधन को मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियनों के साथ चर्चा करनी चाहिए।

किन्तु अब तक बीएसएनएल में नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों की मुख्य मान्यता प्राप्त ट्रेड यूनियन बीएसएनएलईयू को भी समिति के समक्ष भत्तों के संशोधन के विषय पर अपना पक्ष रखने का अवसर नहीं दिया गया है।

उपर्युक्त तथ्यों के आलोक में आपसे पुनः आग्रह है कि एग्जीक्यूटिव एवं नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के भत्तों के संशोधन हेतु गठित समिति के समक्ष बीएसएनएलईयू को अपना पक्ष रखने का अवसर यथाशीघ्र प्रदान किया जाए।

---

## बीएसएनएल भर्ती कर्मचारियों के लिए सेवानिवृत्ति लाभ (एसएबी) मूल वेतन + डीए का 30 प्रतिशत किया जाए – बीएसएनएलईयू ने सीएमडी बीएसएनएल को लिखा।

**(बीएसएनएलईयू/414 (जीआरटी) दिनांक 01.06.2026, श्री ए. रज़ूबर्ट जे. रवि, सीएमडी बीएसएनएल को)**

हम यह ज्ञापन आपके व्यक्तिगत हस्तक्षेप की हार्दिक अपील के साथ प्रस्तुत कर रहे हैं, ताकि बीएसएनएल भर्ती कर्मचारियों

के लिए सेवानिवृत्ति लाभ (एसएबी)के लंबे समय से लंबित मुद्दे का समाधान किया जा सके। यह अत्यंत महत्वपूर्ण विषय है, क्योंकि यह उन हजारों कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति उपरांत सुरक्षा और सम्मान से जुड़ा है, जिन्होंने अपने जीवन के सर्वोत्तम वर्ष बीएसएनएल की प्रगति और विकास के लिए समर्पित किए हैं।

जैसा कि आपको विदित है, द्वितीय वेतन संशोधन समिति ने सेवानिवृत्ति लाभों हेतु मूल वेतन का 30 प्रतिशत अंशदान करने की अनुशंसा की थी। इसमें ईपीएफ–12 प्रतिशत, ग्रेच्युटी–4.8 प्रतिशत, पेंशन फंड–12 प्रतिशत तथा पीआरएमबी–1.2 प्रतिशत शामिल थे। किंतु वर्तमान में कुल अंशदान केवल 25.1 प्रतिशत (ईपीएफ–12 प्रतिशत, ग्रेच्युटी–4.8 प्रतिशत, पेंशन फंड–5 प्रतिशत तथा पीआरएमपी–3.3 प्रतिशत) ही किया जा रहा है, जिसके कारण 4.9 प्रतिशत की कमी बनी हुई है। यद्यपि इस विषय पर राष्ट्रीय परिषद सहित विभिन्न मंचों पर चर्चा हुई है, फिर भी अब तक कोई संतोषजनक समाधान नहीं निकल पाया है।

इस कमी का प्रभाव बीएसएनएल भर्ती सभी वर्गों के कर्मचारियों–नॉन–एग्जीक्यूटिव तथा एग्जीक्यूटिव पर पड़ रहा है। जिन्होंने संगठन की सेवा निष्ठा और समर्पण के साथ की है, उनके लिए सेवानिवृत्ति लाभ केवल वित्तीय अधिकार नहीं, बल्कि जीवन के उत्तरार्ध में सुरक्षा और मानसिक शांति का आधार हैं। दुर्भाग्यवश, एसएबी अंशदान में वर्तमान कमी के कारण अनेक सेवानिवृत्त कर्मचारियों को अपर्याप्त पेंशन लाभ प्राप्त हो रहे हैं, जिससे उन्हें वास्तविक कठिनाइयों और निराशा का सामना करना पड़ रहा है।

हम पोस्ट–रिटायरमेंट मेडिकल बेनिफिट (पीआरएमबी) घटक को लागू न किए जाने को लेकर भी गंभीर रूप से चिंतित हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की लगातार बढ़ती लागत के इस दौर में, एक सुदृढ़ चिकित्सा सुरक्षा व्यवस्था का अभाव सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जीवन के उस चरण में असुरक्षित बना देता है, जब उन्हें चिकित्सा सहायता की सर्वाधिक आवश्यकता होती है।

महोदय, बीएसएनएल के कर्मचारियों ने कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी सदैव संगठन का साथ दिया है। उन्होंने चुनौतीपूर्ण हालात को स्वीकार किया, कंपनी के पुनरुद्धार में महत्वपूर्ण योगदान दिया और अनेक बाधाओं के बावजूद आज भी पूर्ण समर्पण के साथ कार्य कर रहे हैं। इसलिए हमारा दृढ़ विश्वास है कि उनकी सेवानिवृत्ति सुरक्षा से संबंधित वैध मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए।

अतः हम प्रबंधन से विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं किः सेवानिवृत्ति लाभ हेतु 30 प्रतिशत अंशदान संबंधी दूसरे पीआरसी की अनुशंसा को पूर्ण रूप से लागू किया जाए। वर्तमान 4.9 प्रतिशत की कमी को दूर करते हुए 01.01.2007 से एसएबी को पूर्ण रूप से लागू किया जाए। पोस्ट–रिटायरमेंट मेडिकल बेनिफिट (पीआरएमबी) को बिना किसी और विलंब के लागू किया जाए। इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध कार्ययोजना तैयार की जाए, ताकि सेवानिवृत्ति लाभों से संबंधित दूसरे पीआरसी की सभी अनुशंसाओं का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके।

हमारा दृढ़ विश्वास है कि इस मुद्दे का समाधान न केवल वर्तमान कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को राहत एवं विश्वास प्रदान करेगा, बल्कि प्रबंधन और कर्मचारियों के बीच विश्वास को भी और मजबूत करेगा। ऐसा निर्णय पूरे बीएसएनएल परिवार द्वारा अत्यंत सराहा जाएगा तथा संगठन के लिए अपना अमूल्य योगदान देने वाले कर्मचारियों के कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

अतः हम आपसे पुनः विनम्र आग्रह करते हैं कि इस वास्तविक एवं लंबे समय से लंबित मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई प्रारंभ करने की कृपा करें।

## जिन सर्किलों में रिक्तियां शून्य अथवा एकल अंक में हैं, वहां एलआईसीई जेटीओ (टी) आयोजित कराने हेतु तत्काल हस्तक्षेप की आवश्यकता।

**(बीएसएनएलईयू/511 (रेक्ट.) दिनांक 01.06.2026, श्री ए. रॉबर्ट जे. रवि, सीएमडी बीएसएनएल को)**

हम आपका ध्यान एक अत्यंत गंभीर विषय की ओर आकर्षित करना चाहते हैं, जो अनेक बीएसएनएल सर्किलों के पात्र नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को प्रभावित कर रहा है। इन सर्किलों में जेटीओ (टेलीकॉम) संवर्ग में रिक्तियों की संख्या या तो शून्य है अथवा केवल एकल अंक तक सीमित है।

यद्यपि हम जेटीओ (टेलीकॉम) संवर्ग में पदोन्नति हेतु एलआईसीई आयोजित करने के लिए प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हैं, लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि रिक्तियां उपलब्ध न होने के कारण अनेक सर्किलों में यह परीक्षा आयोजित नहीं की जा सकी। परिणामस्वरूप, इन सर्किलों के पात्र एवं योग्य कर्मचारी एक बार फिर अपने कैरियर में उन्नति के अवसर से वंचित रह गए हैं।

बीएसएनएलईयू ने बार–बार प्रबंधन से पुनर्गठन नीति के कुछ प्रावधानों में शिथिलता प्रदान करने तथा ऐसा व्यावहारिक समाधान विकसित करने का अनुरोध किया है, जिससे पर्याप्त पदोन्नति रिक्तियां उपलब्ध कराई जा सकें। हमने यह भी इंगित किया है कि इन सर्किलों में अनेक तकनीकी रूप से योग्य कर्मचारी पिछले पाँच वर्षो से भी अधिक समय से एलआईसीई में सम्मिलित होने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। पदोन्नति के अवसरों से लगातार वंचित रहने के कारण प्रभावित कर्मचारियों में व्यापक असंतोश और निराशा व्याप्त है।

दिनांक 18.02.2026 को निदेशक (एचआर) के साथ हुई हमारी औपचारिक बैठक में हमने विशेश रूप से यह सुझाव दिया था कि जिन सर्किलों में रिक्तियां शून्य अथवा अत्यंत कम हैं,

वहां स्वीकृत पदसंख्या के विरुद्ध 10 प्रतिशत सुपरन्यूमेरेरी पद सृजित किए जाएं। ऐसा करने से एलआईसीई आयोजित करना संभव होगा तथा पात्र कर्मचारियों को वर्तमान संवर्ग संरचना को प्रभावित किए बिना पदोन्नति हेतु निष्पक्ष अवसर प्राप्त होगा।

किन्तु, कॉरपोरेट कार्यालय द्वारा रिक्ति वर्ष 2024 के लिए ऑनलाइन एलआईसीई जेटीओ (टेलीकॉम) परीक्षा की अधिसूचना जारी किए जाने के बावजूद, इन सर्किलों के कर्मचारी रिक्तियों के अभाव के कारण अब भी इससे बाहर हैं।

परिणामस्वरूप, सैकड़ों पात्र कर्मचारी कई वर्षों से पदोन्नति के अवसरों से वंचित हैं।

महोदय, प्रभावित कर्मचारी पात्रता शर्तों अथवा परीक्षा के मानकों में किसी प्रकार की छूट नहीं चाहते। वे केवल यह चाहते हैं कि पुनर्गठन तथा वीआरएस के बाद उत्पन्न मानवबल असंतुलन के कारण उत्पन्न रिक्तियों की बाधा से परे, उन्हें निर्धारित परीक्षा प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा करने का समान अवसर प्रदान किया जाए।

अतः हम आपसे विनम्र अनुरोध करते हैं कि जिन सर्किलों में रिक्तियां शून्य अथवा एकल अंक में हैं, वहां स्वीकृत पदसंख्या के विरुद्ध अधिमानतः 10 प्रतिशत तक सुपरन्यूमेरेरी पद सृजित करने हेतु आवश्यक हस्तक्षेप करें, ताकि उन सभी सर्किलों में एलआईसीई जेटीओ (टी) आयोजित की जा सके। इससे यह सुनिश्चित होगा कि कर्मचारियों को उनके नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के कारण पदोन्नति के अवसरों से वंचित न होना पड़े।

हमें पूर्ण विश्वास है कि प्रबंधन इस वास्तविक एवं न्यायोचित मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करेगा तथा निष्पक्षता, कर्मचारियों के मनोबल और संगठनात्मक न्याय के हित में सकारात्मक निर्णय लेगा।

## 10 सर्किलों के नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को वर्षों से टीटी एलआईसीई एवं जेई एलआईसीई में बैठने के अवसर से वंचित रखा जा रहा है।

**(बीएसएनएलईयू/511 (रेक्ट.) दिनांक 01.06.2026 से श्री ए. रॉबर्ट जे. रवि, सीएमडी, बीएसएनएल को)**

हम आपका ध्यान एक अत्यंत गंभीर एवं ज्वलंत समस्या की ओर आकर्षित करना चाहते हैं तथा इस मामले में आपके हस्तक्षेप का विनम्रतापूर्वक अनुरोध करते हैं।

बीएसएनएल प्रबंधन ने जेटीओ एवं सीनियर एग्जीक्यूटिव ट्रेनी (एसईटी) कैडरों में इंजीनियरों की भर्ती के लिए कदम उठाए हैं। यद्यपि अधिसूचित रिक्तियों की संख्या सीमित है, फिर भी यह बीएसएनएल को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक सकारात्मक पहल है। बीएसएनएलईयू इस संबंध में प्रबंधन द्वारा उठाए गए कदमों का स्वागत करता है। साथ ही, हम निम्नलिखित गंभीर समस्या को आपके संज्ञान में लाना चाहते हैं ताकि आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों के लिए पदोन्नति परीक्षाएँ समय–समय पर आयोजित की जाती रही हैं, यद्यपि रिक्तियों की संख्या सीमित रहती है। बड़ी संख्या में नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारी टीटी एलआईसीई एवं जेई एलआईसीई में सम्मिलित होते हैं। किन्तु यह अत्यंत चिंताजनक है कि 10 सर्किलों के नॉन–एग्जीक्यूटिव कर्मचारियों को वर्षों से इन पदोन्नति परीक्षाओं में सम्मिलित होने के अवसर से वंचित रखा जा रहा है।

असम, पंजाब, पश्चिम बंगाल, यू.पी. (पूर्व), यू.पी. (पश्चिम), हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, बिहार, एनई–1 तथा एनई–2 सर्किलों में पिछले अनेक वर्षों से जेई एलआईसीई एवं टीटी एलआईसीई आयोजित नहीं की गई हैं। इसका कारण रिक्तियों की अनुपलब्धता बताया जा रहा है। वस्तुतः, बीएसएनएल में ''मैनपावर रिस्ट्रक्चरिंग'' के नाम पर लागू किए गए कठोर मानकों के परिणामस्वरूप इन सर्किलों की सभी रिक्तियाँ समाप्त कर दी गई हैं।

यहाँ तक कि बीएसएनएल कॉर्पोरेट कार्यालय द्वारा 26.08.2025 को जारी जेई एलआईसीई की अधिसूचना में भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है कि उपर्युक्त सर्किलों में कोई रिक्ति उपलब्ध नहीं है। परिणामस्वरूप, इन सर्किलों के वे युवा कर्मचारी जो पदोन्नति परीक्षाओं में सम्मिलित होकर आगे बढ़ना चाहते हैं, अत्यधिक निराश एवं हतोत्साहित हो चुके हैं। यह समस्या आने वाले कई वर्षों तक बनी रहने की संभावना है, क्योंकि निकट भविश्य में भी रिक्तियाँ उत्पन्न होने की कोई संभावना दिखाई नहीं देती।

इन परिस्थितियों में हम प्रबंधन से अनुरोध करते हैं कि इस समस्या के समाधान के लिए कुछ परंपरागत सोच से हटकर उपाय अपनाए जाएँ। ऐसा ही एक उपाय निम्नानुसार हो सकता है। सभी सर्किलों में एटीटी, टीटी एवं जेई कैडरों में हजारों पद अभी भी रिक्त पड़े हुए हैं। इनमें से 50 प्रतिशत पद ''प्रत्यक्ष भर्ती कोटा (डीआर कोटा)'' के अंतर्गत आते हैं। हमारा सुझाव है कि इन 50 प्रतिशत डीआर कोटा के पदों का उपयोग उपर्युक्त 10 सर्किलों में रिक्तियाँ सृजित करने के लिए किया जाए, ताकि वहाँ टीटी एलआईसीई एवं जेई एलआईसीई आयोजित की जा सकें। इस पद्धति को अपनाने से ''मैनपावर रिस्ट्रक्चरिंग योजना'' के अंतर्गत निर्धारित मानकों का उल्लंघन किए बिना, उपर्युक्त 10 सर्किलों में टीटी एलआईसीई एवं जेई एलआईसीई आयोजित करने हेतु पर्याप्त संख्या में रिक्तियाँ सृजित की जा सकती हैं। अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया इस प्रस्ताव पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर आवश्यक निर्णय लेने की कृपा करें।

# MP Circle holds CWC meeting & Silver Jubilee Celebration - 03.06.2026




BSNLEU Madhya Pradesh Circle successfully organised its Circle Working Committee meeting along with the Silver Jubilee Celebration at Pipariya on 03.06.2026, with enthusiastic participation of district secretaries, circle office bearers and a large number of members. The programme commenced with homage to the martyrs, followed by a colourful Silver Jubilee celebration attended by a houseful gathering. Com. Animesh Mitra, General Secretary and Com. Prakash Sharma, Circle President, highlighted the historic formation of BSNLEU at Visakhapatnam in 2001 and its glorious 25-year journey. Com. B.S. Raghuwanshi, Circle Secretary, presented the activity report, while Com. Prakash Sharma presided over the meeting. Com. Manoj Sharma, Organising Secretary (CHQ), Com. Animesh Mitra, Shri Rajkumar Chhanena, PGM, Itarsi, and Com. H.S. Thakur, CS, AIBDPA, addressed the gathering on organisational issues, Wage Revision, New Promotion Policy, Membership Verification, joint struggles and the achievements of BSNLEU. The meeting adopted resolutions supporting CHQ's stand on Wage Revision, Pension Revision, Union Verification, LICE, revision of perks and allowances, and the need for united struggles. It also unanimously decided to organise Silver Jubilee celebrations at BA level. Com. Nanakram Raghuwanshi, Circle Treasurer, was felicitated on his retirement. CHQ congratulates the Madhya Pradesh Circle for successfully organising the programmes.

Date of Publication: 1st July, 2026
Posting date: 05th & 06th July, 2026
July 2026 Rs. 5/- Tele-Crusader
Posted at: SRT Nagar, Post Office
RNI No. 66961/97
Regd. No. DL-(C)-14/1073/2024

# Bihar Circle Working Committee meeting - 11.06.2026





# Uttarakhand Circle Conference - 31.05.2026





Edited, Printed and Published by P. Abhimanyu on behalf of BSNL Employees Union, Dada Ghosh Bhavan, 2151/1, New Patel Nagar, Opp. Shadipur Bus Depot., New Delhi-8 and Printed by him at Progressive Printers, A-21, Jhilmil Industrial Area, G. T. Road, Shahdara, Delhi 110095.